प्रेस नोट
जनपद – संतकबीरनगर
दिनाँक 04.03.2026

क्षेत्राधिकारी धनघटा द्वारा पैदल गश्त कर रंगो के त्यौहार होली पर जनसंवाद एवं शुभकामनाएँ

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री संदीप कुमार मीना* द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा *श्री अभयनाथ मिश्रा* द्वारा थानाध्यक्ष महुली की उस्थिति में होली पर्व के पावन अवसर पर थाना क्षेत्र के विभिन्न कस्बों एवं संवेदनशील स्थलों पर पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) की गई । इस दौरान उन्होंने आमजन, व्यापारियों एवं युवाओं से संवाद स्थापित कर होली को आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की । पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा लोगों को समझाया गया कि होली सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक पर्व है। किसी भी प्रकार की अफवाह, जबरन रंग डालने, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई।
तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये तथा नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। त्योहार के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। क्षेत्राधिकारी महोदय ने आमजन को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन आपके साथ है और सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है ।